भारतने द. अफ्रीकाको नौ विकेटसे हरा २-१ से जीती श्रृंखला, यशस्वीका शतक, रोहित, कोहलीका पचासा

एकदिनीमें टेस्टका हिसाब चुकता

विशाखापत्तनम (आससे)। कुलदीप यादव (४-४१) और प्रसिद्ध कृष्णा (४-६६) की अगुवाईमें गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल (११६) के अजेय शतक और उनकी रोहित शर्मा (७५) के साथ पहले विकेट के लिए की गयी १५५ रन और विराट कोहली (अजेय ६५) के साथ दूसरे विकेट के लिए की गयी ११६ रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने शनिवार को तीसरे और निर्णायक एकदिनी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा कर श्रृंखला २-१ से जीत ली। इसी के साथ टीम इण्डिया ने टेस्ट श्रृंखला में मिली हार का हिसाब भी चुकता कर लिया। दक्षिण अफ्रीका को ४७.५ ओवर में २७० रन पर समेटने के बाद भारत ने ३९.५ ओवर में एक विकेट खोकर २०१ रन बना लिए। दोनों देशों के बीच अब नौ दिसम्बर से टी-२० श्रृंखला खेली जायेगी। २७१ रन के लक्ष्य के सामने रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत दी। हालांकि शुरुआत में कुछ मौकों पर दोनों परेशानी में भी दिखे लेकिन यह क्षणिक रही। रोहित और यशस्वी ने शुरुआत में तेजी नहीं दिखायी जिससे पावर प्ले के १० ओवर में टीम का स्कोर ४८ रन ही हो सका लेकिन इसके बाद दोनों ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों की खबर लेनी शुरु कर दी जिससे रनों की रफ्तार बढ़ गयी और स्कोरबोर्ड पर तेजी से रन बदलने लगे। रोहित ने आक्रामक तेवर के साथ ५५ गेंदों पर एकदिनी करियर का ६१वां अर्द्धशतक पूरा कर लिया। इस दौरान रोहित शर्मा ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में २० हजार रन पूरे कर लिए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय बन गये। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में २० हजार रन का आंकड़ा छुआ था। इधर यशस्वी जायसवाल ने भी ७६ गेंदों पर एकदिनी का अपना पहला पचासा जड़ दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिरदर्द बन गयी इस जोड़ी को तोड़ने के लिए कप्तान टेबा बावुमा ने अपने गेंदबाजों को बदल-बदल कर लगाया लेकिन कोई भी रोहित और यशस्वी के बल्ले को भेद नहीं पा रहा था। आखिरकार केशव महराज ने रोहित शर्मा को ब्रीट्जके के हाथों कैच करा दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलायी। रोहित ने ७६ गेंदों पर ७५ रन बनाये जिसमें सात चौके, तीन छक्के शामिल थे। उन्होंने यशस्वी के साथ पहले विकेट के लिए १५५ रन जोड़े। रोहित का स्थान लेने दो मैचों में दो शतक लगाने वाले विराट कोहली आये लेकिन उन्होंने रन बनाने की जिम्मेदारी यशस्वी के कंधों पर डाल दी और खुद विकेट पर टिक कर उनका साथ देने में जुट गये। यशस्वी ने कोहली के मिले साथ का फायदा उठाते हुए १११ गेंदों पर एकदिनी का अपना पहला शतक लगा दिया। अब कोहली भी बड़े स्ट्रोक खेलने लगे और उन्होंने ६० गेंदों पर अर्द्धशतक पूरा कर लिया। इन दोनों की बेखौफ बल्लेबाजी का नतीजा रहा कि भारत ने ३९.५ ओवर में एक विकेट खोकर २०१ रन बना लिए। विजयी चौका कोहली के बल्ले से निकला। यशस्वी जायसवाल १२१ गेंदों पर १२ चौके, दो छक्के की मदद से ११६ और कोहली ४५ गेंदों पर छह चौके, तीन छक्के की सहायता से ६५ रन बना कर अजेय लौटे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए ११६ रन की अटूट शतकीय साझेदारी की। लगातार २० बार दगा देने के बाद आखिरकार सिक्के की उछाल ने भारत का साथ दिया और कप्तान केएल राहुल ने लक्ष्य हासिल करने का फैसला करते हुए दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बार्ये हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कप्तान के निर्णय को सही साबित करते हुए पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज रियान रिकेल्टन को खाता खोलने से पहले ही विकेट के पीछे केएल राहुल के हाथों कैच करा दक्षिण अफ्रीका का स्कोर एक विकेट पर एक रन कर दिया। अब मैदान पर फार्म में चल रहे कप्तान टेंबा बावुमा क्विंटन डिकाक का साथ देने आये। दोनों शुरुआती झटके से टीम पर आये दबाव को हटाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने लगे। डिकाक ने चौथे ओवर में हर्षित राणा के खिलाफ लगातार दो चौके जड़ आत्मविश्वास हासिल किया। भारतीय गेंदबाजों ने आठवें ओवर में डिकाक और बावुमा के खिलाफ शिकंजा कसे रखा लेकिन इसके बाद गेंदबाजी के लिए आये तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के शुरुआती दो ओवरों डिकाक ने तीन छक्के और एक चौका जड़ रन गति को बढ़ा दिया। कृष्णा ने अपने शुरुआती दो ओवरों में २७ रन लुटाये। शुरुआती दो एकदिनी में संघर्ष करने वाले क्विंटन डिकाक ने रविंद्र जडेजा के खिलाफ छक्के के साथ १६वें ओवर में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। दूसरे छोर से एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी कर रहे टेम्बा बावुमा ने रविन्द्र जडेजा के खिलाफ रिवर्स स्वीप पर शानदार चौका लगाने के बाद एक रन के साथ १९ ओवर में दक्षिण अफ्रीका के रनों का शतक पूरा किया। वह हालांकि इस गेंदबाज की धीमी गेंद से सामंजस्य बिठाने में नाकाम रहे और गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर कोहली के हाथों में चली गयी। बावुमा ने ६७ गेंदों पर पांच चौके की मदद से ४८ रन बनाये और डिकाक के साथ दूसरे विकेट के लिए ११३ रन की साझेदारी की। कप्तान के पवेलियन लौटने का डिकाक पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने रविन्द्र जडेजा के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का जड़ दिया तो वहीं क्रीज पर कुछ समय बिताने के बाद शानदार लय में चल रहे ब्रीट्जके ने तिलक वर्मा की लगातार गेंदों पर दो बड़े छक्के लगाये। दक्षिण अफ्रीका २८वें ओवर तक दो विकेट पर १६७ रन बनाकर बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहा था लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर भारत की मैच में वापसी करा दी। प्रसिद्ध कृष्णा ने पहले ब्रीट्जके को पगबाधा किया जिन्होंने २३ गेंद पर दो छक्के की मदद से २४ रन बनाये फिर पिछले मैच में शतकीय पारी खेलने वाले एडम मार्करम (एक) को विराट कोहली के हाथों कैच करा दिया। इधर डिकाक का प्रहार जारी रहा और उन्होंने ८० गेंदों में २३वां एकदिनी शतक पूरा कर लिया लेकिन इसके बाद वे ज्यादा देर नहीं रुके और प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर अपना स्टंप उखड़वा बैठे। डिकाक ने ८९ गेंदों पर आठ चौके की मदद से १०६ रन की पारी खेली। इसके बाद कुलदीप यादव ने डेवाल्ड ब्रेविस (२९), मार्को यानसन (१७) और कोर्बिन बोश (नौ) जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को अपना शिकार बना भारत को फ्रंटफुट

राजस्थानसे हारी दिल्ली

सैयद मुश्ताक अली ट्राफी

अहमदाबाद (एजेन्सियां)। मुकुल चौधरी (नाबाद ६२) के विस्फोटक अर्द्धशतक की बदौलत राजस्थान ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी एलीट ग्रुप डी के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली को तीन विकेट से हरा दिया। १७६ रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में दो तथा छठे ओवर में ३८ के स्कोर पर एक और विकेट गंवाया। शुभम गढ़वाल २९ रन, दीपक हुड्डा शून्य तथा महिपाल लोमरोर चार रन बना कर आउट हुए। इसके बाद करण लांबा और कुणाल सिंह राठौड़ ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों के बीच चौथे विकेट लिए ६० रनों की साझेदारी हुई। १३वें ओवर में सुयश शर्मा ने करण लांबा (३१) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मुकुल चौधरी ने कुणाल सिंह राठौड़ के साथ पारी को को आगे बढ़या। १५वें ओवर में सुयश शर्मा ने कुणाल सिंह राठौड़ (२६) को आउट कर राजस्थान को पांचवां झटका दिया। हालांकि मुकुल चौधरी एक छोर थामे छक्के उड़ाते रहे। साहिल धीवान और अशोक शर्मा दो-दो रन बनाकर आउट हुये। राजस्थान ने निर्धारित २० ओवर में सात विकेट पर १७७ रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। दिल्ली के लिए नवदीप सैनी ने तीन और सुयश शर्मा ने दो विकेट लिये। आयुष बदोनी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दिल्ली ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित २० ओवरों में पांच विकेट पर १७५ रनों का स्कोर खड़ा किया। प्रियांश आर्य और यश ढुल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए ७३ रन जोड़े। नौवें ओवर में मानव सुथार ने प्रियांश आर्य को आउट कर इस साझेदारी की तोड़ा।

इंगलैण्डपर मडरा रहा पारीकी हारका खतरा

दूसरा एशेज टेस्ट आस्ट्रेलिया जीतके करीब

ब्रिस्बेन (एजेन्सियां)। आस्ट्रेलिया ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंगलैण्ड पर दूसरे टेस्ट में भी शिकंजा कस दिया। मिचेल स्टार्क, स्काट बोलैंड और माइकल नेसर ने गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी कमाल किया जिससे मेजबान टीम जीत के करीब पहुंच गयी। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी को ५११ रन पर समाप्त किया और इंगलैण्ड के दूसरी पारी में १३४ के स्कोर पर छह विकेट ले लिये। बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली टीम को पारी की हार टालने के लिए अभी ४३ रन की दरकार है और उसके पास बस चार विकेट बचे हैं। आस्ट्रेलिया ने पांच बल्लेबाजों के अर्द्धशतकों से ब्रिस्बेन टेस्ट की पहली पारी में ५११ का स्कोर बनाया। नौवें नम्बर पर उतरे स्टार्क ७७ रन के स्कोर के साथ सर्वोच्च स्कोरर रहे। आस्ट्रेलिया के आखिरी तीन विकेटों ने १२८ रन जोड़े जिससे यह टीम पहली पारी के आधार पर १७७ रन की बढ़त लेने में सफल रही। इंगलैण्ड की पहली पारी ३३४ रन पर समाप्त हुई थी। पिछड़ने के बाद इंगलैण्ड को दूसरी पारी में जैक क्राली (४४) और बेन डकेट (१५५) ने सधी हुई शुरुआत दी। बोलैंड ने डकेट को बोल्ड कर पहली कामयाबी हासिल की। इसके बाद क्राली एवं ओली पोप (२६) स्कोर को ९० रन तक ले गये। नेसर ने पोप एवं क्राली को आउट करते हुए इंगलैण्ड को पीछे धकेला फिर स्टार्क ने जो रूट (१५) को तो बोलैंड ने हैरी ब्रूक (१५) को आउट कर आस्ट्रेलिया को हावी कर दिया। स्टार्क ने आखिरी ओवर्सके दौरान जैमी स्मिथ (चार) को आउट कर इंग्लिश टीमको पूरी तरहसे बैकफुट पर धकेल दिया। तीसरे दिनका खेल समाप्त होने तक इंगलैण्ड ने छह विकेट पर १३४ रन बना लिये थे। स्टंप के समय कप्तान बेन स्टोक्स चार और विल जैक्स चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। स्टार्क, बोलैंड और नेसर ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने छह विकेट पर ३७८ रन के स्कोरसे आगे खेलना शुरू किया। एलेक्स कैरी और माइकल नेसर ने पारीको आगे बढ़ाया। इंग्लिश कप्तान स्टोक्सने तीसरे ओवरमें ही आस्ट्रेलिया को झटका दिया और नेसर को आउट कर दिया। कुछ देर बाद कैरीको एटकिंसनने रवाना किया। इसके बाद स्टार्क बल्लेबाडीमें अड़ गये उन्होंने बोलैंड के साथ मिलकर नौवें विकेटके लिए ७५ रन की साझेदारीकी। इस दौरान उन्होंने टेस्ट करियरकी १२वां अर्द्धशतक लगाया। बोलैंड (२१) और ब्रेंडन डागेट (१३) ने मिलकर टीम को ५०० पार कराया। इंगलैण्डकी तरफसे ब्रायडन कार्सने चार एवं स्टोक्सने तीन विकेट लिए।

जर्मनीके खिलाफ गलतियोंकी कोई गुंजाइश नहीं होगी-श्रीजेश

चेन्नई (एजेन्सियां)। खिताब से दो जीत दूर भारतीय टीम को जर्मनी के खिलाफ जूनियर हाकी विश्वकप सेमीफाइनल से पहले मुख्य कोच पीआर श्रीजेश से एक ही सलाह मिली है कि अभी काम पूरा नहीं हुआ है और अपने पैर जमीन पर रखने हैं। भारत ने आखिरी मिनट में गोल गंवाने के बाद शूटआउट तक खिंचे क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को ४-३ से हराया लेकिन दो बार के ओलम्पिक पदक विजेता रहे कोच श्रीजेश का कहना है कि सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ इस तरह की गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने कहा बेल्जियम के खिलाफ पहले ४५ मिनट एक गोल से पीछे रहना और फर आखिरी एक मिनट में उन्हें बराबरी का गोल करने का मौका देना यह मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। आखिरी मिनट में गोल गंवाना, शूटआउट इससे बचना चाहिए। भारत के महान गोलकीपर रहे श्रीजेश ने कहा अच्छे मूव को फाइनल टच देना जरूरी है। हम लगातार आक्रमण कर रहे थे और मौके बना रहे थे। सकेल के भीतर गेंद का नियंत्रण नहीं खोना चाहिए। कठिन टीमों के खिलाफ गोल करने के मौके ज्यादा नहीं मिलते हैं और जो भी मौके मिले उन्हें भुनाना होगा। यह पूछने पर कि लीग चरण में आसान चुनौतियों से क्या क्वार्टर फाइनल में दबाव अधिक रहा श्रीजेश ने कहा लीग दौर के मैच सभी के लिए लगभग बराबर होते हैं। कुछ टीमों को एक कठिन मैच मिल जाता है लेकिन हमने अपनी टीम का स्तर ऊंचा रखने की कोशिश की और उन्हें चुनौतियों दी कि इतने गोल से जीतना है, लेकिन नाकआउट चरण में दबाव अलग होता है। भारत ने राउंड राबिन चरण में २९ गोल किये और एक भी नहीं गंवाया था। कोच ने कहा क्वार्टर फाइनल से ज्यादा दबाव अब सेमीफाइनल में होगा। क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया जैसी टीम क्वालीफाई नहीं कर सकी।

सुरों के जरिए श्रेया घोषाल लता मंगेशकर को देंगी श्रद्धांजलि

मशहूर सिंगर श्रेया घोषाल 7 मार्च, 2026 को लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देने वाली हैं। इस मौके पर वह जियो वर्ल्ड गार्डन में लेटर्स टू लता दीदी नाम के एक म्यूजिकल शो में परफॉर्म करेंगी। श्रेया घोषाल ने इंस्टाग्राम पर भारत रत्न

से सम्मानित लता मंगेशकर के लिए अपनी परफॉर्मेंस के बारे में जानकारी दी। श्रेया घोषाल ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा एक आवाज जिसने मेरे बचपन को संवारा, मेरे सपनों और मुझे एक आर्टिस्ट बनाया। एक बहुत ही खास शो के जरिए लता मंगेशकर जी को श्रद्धांजलि देने को लेकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। एक प्रेस नोट में श्रेया घोषाल ने कहा म्यूजिक के बारे में जो कुछ भी जनती हूं लता जी उसकी बुनियाद हैं। उनकी आवाज ने मेरे बचपन को आकार दिया है। उनके गानों ने मुझे जीत और दिल टूटने के दौर से गुजारा। अगर मैं आज उनसे बात कर पाती, तो मैं उन्हें बताती कि वह आज भी मेरे गाए हर सुर में जिंदा हैं। लेटर्स टू लता दीदी एक फैन की तरफ से उन्हें मेरा लव लेटर है। लेटर्स टू लता दीदी प्रोग्राम सिर्फ श्रेया घोषाल की परफॉर्मेंस पर खत्म नहीं होगा। इस प्रोग्राम में लता मंगेशकर के फैन वीडियो लेटर भेज सकते हैं। इसमें वह अपनी वो बातें कह सकते हैं जो वह लता मंगेशकर से तब कहते जब वह जिंदा होतीं। आपको बता दें कि लता मंगेशकर का 6 फरवरी 2022 को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

HDFC BANK
We understand your world

नीलामी बिक्री सूचना

विशेष रुप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न खातों में गिरवी रखे गए सोने के गहनों/सिक्योरिटी की सार्वजनिक नीलामी आयोजित की जानी प्रस्तावित है। यह नीलामी उन कर्जदारों के सोने के गहनों/सिक्योरिटी की है, जिन्होंने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक) द्वारा ऋण बकाया चुकाने के नोटिस के बावजूद, उनकी द्वारा हस्तगत/दिए एवं स्वीकृत ऋण समझौते की शर्तों के अनुसार भुगतान करने में विफलता/दिक्कत है। बैंक के कर्जदारों को एक नोटिस भी जारी किया था, जिसमें नीचे दिए गए खातों में पूरी बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय दिया गया था, अन्यथा बैंक बिना कोई और नोटिस जारी किए गिरवी रखी गई पूरी गोल्ड सिक्योरिटी की नीलामी करने के लिए आजाद होगी। कर्जदारों ने भुगतान करने में लापरवाही की है एवं अवहेलना रही है, इसलिए बैंक ने ऋण समझौते के अधीन गिरवीकार के रूप में अपनी अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नीलामी के माध्यम से सुरक्षित सोने के गहनों/सिक्योरिटी को बेचकर गोल्ड सिक्योरिटी पर लिये गये लोन/ऋण एवं कर्जदारों द्वारा बैंक को देय बकाया राशि वसूलने का निर्णय लिया है। नीलामी 15-12-2025 को प्रातः 10.00 बजे से निम्नलिखित शाखाओं/शाखाओं में आयोजित की जाएगी। यदि किसी गिरवी रखी गई सिक्योरिटी की नीलामी दर्शाई तिथि पर आयोजित या सम्पन्न नहीं हो पाती है तो बैंक किसी बाद की तिथि एवं समय पर उक्त नीलामी आयोजित करने या आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्र सं	ऋण नं	कर्जदार का नाम	ऋण राशि	नीलामी स्थान (शाखा पता)
1	75787057	मोहित वर्मा	80000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, 197, करन्पुर, शुगर मिल रोड, बनगान, उत्तर प्रदेश 271313
2	75601448	पप्पू चौरसिया	478000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, 53 / 52, वार्ड नं 8, मोहल्ला इंदिरा नगर, जिला – बुलीनगर, सेवरही, उत्तर प्रदेश 274406
3	75799568	इंशाद अंसारी	185000	
4	75568890	सज्जाद अहमद	48000	
5	75581728	शिवजी पाल	37000	
6	75386055	पंकज कुमार सहाय	577000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, असुरन चौक, राधिका कॉम्प्लेक्स, मेडिकल रोड, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश 273001
7	4000036284	विकास पुत्ता	570000	
8	75816072	सुष्मिता मीका	413400	
9	4000293614	विशाल कुमार सैनी	410000	
10	75363709	सुमित्रा यादव	187000	
11	75062040	मुकेश गुप्ता	121000	
12	4000481971	विवेक दुबे	78000	
13	4000075074	विवेक दुबे	51000	
14	74640414	सागर पांडेय	46000	
15	73769361	संजय शर्मा	43000	
16	75370712	चंद्रप्रभी हीरालाल	167100	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, खसरा नं 91 और 92, ग्राम – खुटभर, परगना – उनवल, तहसील – खजनी, जिला – गोरखपुर, उत्तर प्रदेश 273212
17	75921220	मो. इसरार	96000	
18	75410025	महु सिंह	57700	
19	4000188215	सिद्धेंद्र त्रिपाठी	982000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, नगर निगम, नं.034पट्ट, प्लॉट नं.03, आराजी नं.160, घरगांव, छपरी नगर हाउसिंग, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश 273003
20	4000556664	शिवम सिंह	126000	
21	74409790	नीलम गुप्ता	140300	
22	4000836664	अनिल कुमार चौहान	82000	
23	75640044	गौरव मणि ओझा	74000	
24	75442746	सुनील मणि त्रिपाठी	62000	
25	4000820054	उत्तम कुमार	47000	
26	4000205574	अनिल सिंह	34000	
27	73733117	मनीषा शाही	25500	
28	73727302	सचिन प्रताप	85000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, हामिद मंजिल, जलालपुर रोड, बरसाही, बरसाही, उत्तर प्रदेश 224129
29	75178513	सुरेश प्रताप	66300	
30	4000695073	मो. आलम	60600	
31	75916787	दीप चंद	51900	
32	75442943	संतोष कुमार	312800	
33	74669990	अनिल कुमार सिंह	199000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड और 1st फ्लोर, देवरिया रोड, सलेमपुर। 274509
34	76004130	मंजू कुमार ठाकुर	161100	
35	75711829	हरीश चंद्र पांडेय	164500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, शास्त्री नगर वार्ड नं 10 गायत्री मंदिर के पास, नौतनवा 273164
36	75932684	धीरेंद्र सिंह	136900	
37	75006548	सूरज कुमार गुप्ता	215170	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, आराजी नं 443 / 16, गोष्ठीपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश–273008
38	75701528	दिनेश कुमार	151000	
39	75214694	मंटू कुमार ठाकुर	111700	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, बरोल निवास, रतारिया रोड, मटपर गांव, देवरिया, उत्तर प्रदेश – 274702
40	74220274	अरविंद कुमार	102000	
41	75552017	निर्मेश कुमार दुबे	75000	
42	73866203	चन्द्रभान जायसवाल	155000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, सिटी पैलेस, दुर्गा बाड़ी, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश–273001
43	4000253958	मुलज़म खातून	128000	
44	4000538418	कुसुम यादव	75000	
45	75922541	सूर्य प्रकाश राय	35000	
46	75791351	सुफान अल्लाह	187000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, वार्ड नं 8, शुक्ला नगर, सहजनवा, गोरखपुर। 273209
47	4000723908	रागिनी राय	267800	
48	4000736713	रघुवंश मणि	158000	
49	75964051	अनुराधा राय	121200	
50	74417440	प्रफुल विरानिया	112200	
51	75545658	तिलमुनि सिंह	246600	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, वार्ड नं 8, शुक्ला नगर, सहजनवा, गोरखपुर। 273209
52	73879222	किरण सिंह	232000	
53	75132190	अमरजीत सिंह	92800	
54	75830226	कृष्ण मोहन	54100	
55	74396005	पंकज यादव	40000	
56	73712279	अभिषेक सिंह	23946	
57	76063382	कृष्ण कश्यप	836500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मकान नं 18 वार्ड नं 5, आजाद चौक कप्तानगंज, कप्तानगंज, उत्तर प्रदेश 274301
58	75128770	आनंद कुमार सिंह	418000	
59	75885172	किशन कुमार सिंह	136000	
60	75858755	संजय कुमार सिंह	124000	
61	75176636	अमित उपाध्याय	81500	
62	75284982	सलमान सिद्दीकी	72600	
63	73749474	देवकांत धर्मनाथ	44000	
64	75838121	जाफरुल हसन	34000	
65	74605089	धनंजय सिंह	108000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मकान नं 65 / एस. ए. नंदन वार्ड नं 18 बड़हर, देवरिया, उत्तर प्रदेश 274601
66	75776740	सत्यीज बम्बन	75000	
67	75809987	आनंद यादव	567000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, हाउस नं 54, वार्ड नं 5, गोला बाजार, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, बड़हरगंज, उत्तर प्रदेश 273408
68	75954399	मनोज कुमार गुप्ता	220000	
69	74002474	शिवेंद्र चंद	70000	
70	75029761	राकेश जगदीश	83700	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मकान नं 565, पांडेय बाजार बस्ती यू पी, बस्ती, उत्तर प्रदेश 272002
71	74072351	राजवंत सिंह	170000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, खसरा नं.– 521 / 1, मेहदावल, तहसील – मेहदावल, मेहदावल, उत्तर प्रदेश 272271
72	75331212	पवन कुमार यादव	122500	
73	76059010	आकाश दुबे	119100	
74	75916135	शुभम राय	392000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, खसरा नं 875, ग्राम जटा खास, तहसील – हाटा, जिला – कुशी नगर, हाटा, उत्तर प्रदेश 274203
75	75957525	अजय गोस्वामी	303000	
76	75310761	अभिमन्यु कुमार तिवारी	300600	
77	75594789	मधुरेश कुमार जायसवाल	235000	
78	74889845	रजीत कुमार सिंह	43300	
79	466175504	शुभम राय	998000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, खसरा नं–825, एलआईसी ऑफिस के पास, गोरखपुर रोड, कसया, उत्तर प्रदेश 274402
80	464273953	शिल्पा राय	378000	
81	75873305	इंशाद अंसारी	315000	
82	75856704	संजय तिवारी	164000	
83	76016254	हमामुल हक	153000	
84	75966216	संजय तिवारी	98000	
85	75999080	मनीष सिंह	77000	
86	75710426	बरकत अली	498900	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, कोपरी टोला मेहदावल रोड, इलाहाबाद बैंक के पास, खलीलाबाद, संत कबीर नगर यू.पी.–272175
87	4000599068	रामधज पुत्र राम आसरे	194500	
88	75338578	रंजना राय	120500	
89	75362031	शिवलाल कौलाश	120000	
90	75603376	सोनू सिंह	46600	
91	75605309	अजय गुप्ता	161500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, रामजानकी मंदिर दुदही के पास, कुशीनगर, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश 274302
92	75273518	पवन कुमार यादव	37000	
93	75282141	प्रवीण जायसवाल	489698	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, वार्ड नं.9, पोस्ट ऑफिस रोड, पिपरादेह, गोरखपुर। पिपरादेह, उत्तर प्रदेश 273165
94	74276544	पूजा अग्रवाल	120600	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मकान न. 133, वार्ड नं.8, रामकृष्ण नगर, राज घाट, हरैया, बस्ती, उत्तर प्रदेश 272155
95	4000544719	सुलीता देवी	72500	
96	75327032	अखिल ओझा	35500	
97	75285763	उपेंद्र यादव	998000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, आराजी नं. 2817 सी सी रोड, देवरिया खास, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश। 274001
98	75915274	अन्नू सिंह	554500	
99	75137190	आशा देवी	253000	
100	4000953789	शुभम राय	195000	
101	75831631	संगीता सिंह	120000	
102	4000885543	शुभम राय	90000	
103	75794062	अजय भारती	81000	
104	73719666	विपिन कुमार	56993	
105	75603236	उपेंद्र विश्वाघल	38000	
106	4000913457	आनंद कुमार वर्मा	500500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, खसरा नं. 1488 क, महाराजगंज रोड, ग्राम – भटहट, परगना–हवेली, भटहट, उत्तर प्रदेश 273306
107	74365099	सीता राजौंद	75000	
108	75525818	सैफ़ाउद्दीन नूर मोहम्मद	68000	
109	73912809	संजूर अली	50500	
110	4000736820	अनवर अली	151000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, कृष्ण नगर, वार्ड नं. 12, थाना रोड, निचलौल, महाराजगंज, उत्तर प्रदेश 273304
111	75223264	अजीत विष्णुदेवकुमार	145000	
112	75315538	अजीत विष्णुदेवकुमार	144500	
113	75534264	मो. नियाज अहमद	82000	
114	75659580	इमरान अली	50500	
115	4000594050	शिवशंकर पुत्र मदन लाल	523000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास, नौगढ़ रोड, शोहरतगढ़, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश 272205
116	75971968	अफसाना खातून	448000	
117	75400232	विजय यादव	305000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, अपर ग्राउंड फ्लोर, खसरा नं. 145, ग्राम बदुआ बुजुर्ग, पोस्ट कौड़ीराम, तहसील बांसगांव, जिला गोरखपुर, 273413
118	75425788	मनंजय यादव	230000	
119	74783105	दिलीप गुप्ता	172000	
120	75050401	आलोक सिंह	127800	
121	75625052	शुभम निषाद	101000	
122	74548060	नुरुद्दा अंसारी	69700	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, अपर ग्राउंड फ्लोर, श्री राम टावर, खसरा नं. 400 का भाग, बेन रोड देवरिया, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश 274404
123	73909058	विनोद रामलगन शर्मा	227000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, हाउस नं. 1795, होटल गिरिराज, रोडवेज क्रॉसिंग के पास, मालवीय रोड, बस्ती, उत्तर प्रदेश 272001
124	4000772051	अमन कुमार पाठक	198000	
125	4000751745	कपिल देव चौधरी	158000	
126	75147935	प्रभात कुमार चौधरी	143400	
127	73802921	प्रभात कुमार चौधरी	121000	
128	75304540	नीनू मिश्रा	114100	
129	75937005	राकेश पांडेय	67000	
130	75867126	यतीन्द्र पांडेय	490000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, इमामबाड़ा क्रॉसिंग, रुद्रपुर, देवरिया, उत्तर प्रदेश 274204
131	4000803861	प्रवीण राय	247000	
132	73747953	रोशन अंसारी	161000	
133	74267622	दीपू पांडेय	113000	
134	75999233	दीपिका अमरनाथ	183500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, केविया भवन, हाउस नं–491, वार्